कार्यालय– निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा/माध्य/मा–ब/22803/2017–18/ दिनांक : 30.08.2018

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक एवं प्रारम्भिक शिक्षा।

विषयः– "राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान–2018" के वृहद् स्तर पर आयोजन के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि शासकीय निर्देशानुरूप आगामी 05 सितम्बर, 2018 को शिक्षक दिवस के अवसर पर "राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह" का आयोजन वृहद् स्तर पर जयपुर स्थित "अमरूदों का बाग" में प्रातः 10:30 बजे से प्रारम्भ होगा।

इस समारोह में सम्पूर्ण राज्य से दिसम्बर, 2013 के पश्चात् नियुक्त समस्त संवर्ग के शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु उनके परिचय पत्र निर्मित कर उन्हें आमंत्रण पत्र भिजवाए जाने की कार्यवाही आपके स्तर पर प्रगतिरत है। यह ध्यान में लाया गया है कि कुछ जिलों से शारीरिक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक तथा पुस्तकालयाध्यक्ष को इस समारोह में भाग लेने वाले शिक्षकों की गणना में सम्मिलित नहीं किया जा रहा है। उक्त क्रम में निर्देशित किया जाता है कि सभी जिला शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करावें कि उनके जिले में दिसम्बर, 2013 के बाद नियुक्त सभी शिक्षक यथा प्रधानाध्यापक, व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक, अध्यापक, शारीरिक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, पुस्कालयाध्यक्ष समारोह में सम्मिलित हों। विशेष परिस्थिति (गर्भवती महिला, दिव्यांग, गम्भीर /असाध्य बीमारी अथवा अन्य कोई गम्भीर आपात स्थिति) में सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गुणावगुण के आधार पर समारोह में भाग लेने से शिक्षक विशेष को मुक्त किया जा सकेगा

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में समारोह आयोजन की महत्ता के दृष्टिगत समारोह में आमंत्रित समस्त शिक्षकों की उपस्थिति एवं समारोह में उनकी भागीदारी को सुगमतापूर्वक सुनिश्चित किए जाने हेतु दिनांक : 01,02,03 सितम्बर, 2018 को राजकीय अवकाश के दिनों में समस्त मण्डल एवं जिला कार्यालयों को खुला रखा जाना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि में समारोह की तैयारियों से जुड़े हुए समस्त कार्मिक एवं अधिकारी कर्त्तव्य पर उपस्थिति रहेंगे तथा पात्र शिक्षकों के परिचय पत्र एवं आमंत्रण पत्र सम्बन्धितों तक पहुंचाये जाने एवं समारोह में आवागमन सम्बन्धी परिवहन व्यवस्थाओं की पूर्व तैयारी निष्पादित करेंगे । जिला शिक्षा अधिकारी एवं मण्डल उप निदेशक इस दौरान जिला/मण्डल मुख्यालय पर उपस्थित रहते हुए निदेशालय स्तर पर नियुक्त जिला प्रभारी अधिकारी से सतत् सम्पर्क–समन्वय रखते हुए समस्त प्रकार की तैयारियों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग,राजस्थान, जयपुर।
2. आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
3. विशिष्ट शासन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
5. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
6. समस्त मण्डल उप निदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा।
7. समस्त जिला प्रभारी अधिकारी, कार्यालय हाजा।
8. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा विभागीय वेब–साइट पर अपलोड करने हेतु ।
10. रक्षित पत्रावली

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर